# कांग्रेस ने पर्वतीय लोगों का खोया विश्वास : पूर्व सीएम हरीश रावत

**वजह**

▶▶ वरिष्ठ नेता हरीश रावत ने राज्य में लोकसभा चुनाव 2024 में पार्टी की हार की बड़ी वजह बताई है।



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत ने राज्य में लोकसभा चुनाव 2024 में पार्टी की हार की बड़ी वजह बताई है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस ने पर्वतीय लोगों का विश्वास खो दिया है। उस विश्वास को दोबारा कैसे हासिल करें, इस पर कांग्रेस को मनन करना होगा। लोकसभा चुनाव में उत्तराखंड की पांचों लोकसभा सीट पर कांग्रेस की हार को लेकर मंथन चल रहा है। चुनाव में कांग्रेस की हार का सबसे बड़ा कारण टिकट बंटवारा माना जा रहा था। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने भी माना था कि लोकसभा चुनाव में अगर पार्टी के बड़े नेताओं को टिकट मिलता तो चुनावी परिणाम कुछ और होते। उनके मुताबिक यदि अल्मोड़ा से यशपाल आर्य, हरिद्वार लोकसभा से हरीश रावत या फिर मुझे टिकट मिलता, इसी तरह टिहरी से प्रीतम सिंह चुनाव लड़ते तो इन तीनों सीटों पर कांग्रेस की जीत होती। माहरा के इस बयान पर पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि बड़े नेताओं के चुनाव लड़ने से भले ही वोटों के लिहाज से हार का अंतर कम होता, मगर लोकसभा चुनाव में हार निश्चित होती। उन्होंने इसकी वजह भी बताई है। हरीश रावत ने कहा कि करन माहरा ने बिल्कुल ठीक कहा है। अगर पार्टी के वरिष्ठ नेता चुनाव लड़ते तो जहां पहले दो से ढाई लाख मतों से हार होनी थी, तब 50 हजार वोटों के अंतर से हार होती। उन्होंने इसकी वजह बताते हुए कहा कि वोटिंग पैटर्न का अध्ययन किया जाए तो कुछ ऐसी चीजें हुई, जिससे हमने पर्वतीय लोगों का विश्वास खो दिया। उस विश्वास को कांग्रेस दोबारा कैसे हासिल करे, इस पर मनन करना होगा। हरीश रावत का कहना है कि बहुत बारीकी से हार का विश्लेषण करने के बाद वह इस नतीजे पर पहुंचे हैं कि अगर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता उत्तराखंड की लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ते तो 40 से 50 हजार वोटों का अंतर जरूर पड़ता।

## तीन नए कानूनों की दी जानकारी

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
संपूर्ण देश में लागू होने वाले तीन नए कानूनों के संबंध में दून पुलिस ने शुक्रवार को रैली निकाल और गोष्ठी कर लोगों को जागरूक किया। साथ ही नए कानूनों की जानकारी दी।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने एक जुलाई 2024 से संपूर्ण देश में लागू हो रहे तीन नए कानूनों यथा भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 व भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के क्रियान्वयन के संबंध में आमजन को जागरूक करने के लिए सभी थाना प्रभारियों को व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए हैं।

# उत्तराखंड में हरित क्रांति का संदेश दे रही 'हरित देहरादून' पहल

**पौधरोपण**

▶▶ प्रशासन की ओर से पर्यावरण संरक्षण के लिए हरित देहरादून पौधरोपण अभियान चलाया जा रहा है।




**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
जिलाधिकारी सोनिका की पहल पर प्रशासन की ओर से पर्यावरण संरक्षण के लिए हरित देहरादून पौधरोपण अभियान चलाया जा रहा है। इसमें नागरिकों का भी सहयोग लिया जा रहा है। हरित देहरादून के अंतर्गत 20 जून से अब तक जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में लगभग एक हजार पौधे लगाए जा चुके हैं। नागरिकों ने चकराता रोड, कैनाल रोड, एफआरआई, कौलागढ़, जीएमएस रोड, विकासनगर, सेलाकुई, बिष्ट गांव, मोथोरोवाला, आईएसबीटी, हरिद्वार बाईपास रोड आदि स्थानों पर पौधरोपण कर उनकी सुरक्षा के लिए ट्रीगार्ड भी लगाए। सभी ने मिल-जुलकर यह संकल्प लिया कि हम शहर को हरा-भरा बनाएंगे, पौधे लगाएंगे और पेड़ बनने तक सींचेंगे और रक्षा करेंगे। ये संकल्प देहरादून शहर के लोगों ने लिए कि वे कंधे से कंधा मिलाकर पर्यावरण संरक्षण में भागीदारी निभाएंगे और हरित देहरादून बनाएंगे। जिलाधिकारी सोनिका ने नागरिकों से अनुरोध किया है कि जिला प्रशासन के पर्यावरण संरक्षण को समर्पित ह्हरित देहरादूनह्व मुहिम से जुड़ें। उन्होंने कहा कि हम सब संकल्प लें कि पेड़ लगाएंगे और उसकी देखभाल करेंगे। उन्होंने कहा कि इस मुहिम से जुड़ने के लिए अपने चुने हुए स्थान की जानकारी 18001802525 टोल फ्री नंबर पर दे सकते हैं।

## न्यूज फ्लैश

### आरएनएलआइसी के 346 करोड़ रुपए के बोनस से 5.1 लाख से ज्यादा सहभागी पॉलिसीधारकों को मिलेगा फायदा

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
रिलायंस निप्पॉन लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2024 में अपने भागीदार पॉलिसीधारकों के लिए कुल 346 करोड़ रुपए के बोनस की घोषणा की है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024 में शानदार वित्तीय प्रदर्शन करते हुए शानदार उपलब्धियाँ हासिल की हैं। कंपनी ने इस अवधि के लिए 198 करोड़ रुपए के कर-पूर्व लाभ की घोषणा है, जो वित्त वर्ष 2023 की तुलना में 84 प्रतिशत ज्यादा है। इस घोषणा के मुताबिक, 31 मार्च, 2024 तक सभी पात्र प्रतिभागी पॉलिसीज इस बोनस घोषणा से लाभान्वित हुई हैं। कंपनी पिछले 23 वर्षों से लगातार बोनस की घोषणा कर रही है जो ग्राहकों को नियमित रूप से अपने प्रीमियम का भुगतान करने और पॉलिसी अवधि के दौरान निवेश में बने रहने के लिए प्रोत्साहित करती है। पार्टिसिपेटिंग फंड के मजबूत प्रदर्शन का श्रेय इक्विटी में एक अच्छी तरह से किए रणनीतिक एसेट एलोकेशन को दिया जा सकता है, जिसने ब्रॉडर मार्केट की तुलना में काफी बेहतर प्रदर्शन किया है। इसके अलावा, कंपनी के प्रमुख यूलिप इक्विटी फंड 3 ने भी मजबूत प्रदर्शन किया है। इसने निफ्टी 50 बेंचमार्कह्ल से बेहतर प्रदर्शन करते हुए 26.4 प्रतिशत रिटर्न दिया है।
बोनस की घोषणा पर अपनी बात रखते हुए, रिलायंस निप्पॉन लाइफ इंश्योरेंस के ईडी और सीईओ आशीष वोहरा ने कहा कि हमारा फोकस लगातार मजबूत प्रदर्शन, बेहतर निवेश प्रबंधन और काम करने की क्षमता पर बना हुआ है और हम अपने ग्राहकों को उनके पैसे का पूरा मूल्य प्रदान करने पर ध्यान देते हैं। पिछले कुछ सालों के दौरान कंपनी डिजिटल टेक्नोलॉजी के जरिए ग्राहक संतुष्टि, वितरकों की सुविधा और कर्मचारियों से जुड़ाव पर ध्यान दे रही है। इस कोशिश ने हाशिए पर खड़े लोगों तक कंपनी की पहुँच को बढ़ाने में मदद की है, जिससे हमें अपने मौजूदा बाजारों में और अधिक पैठ बनाने में मदद मिली है और कंपनी को बेहतर प्रदर्शन पर ध्यान देने की सुविधा मिली है।

### दिव्य ज्योति वेद मन्दिर द्वारा 10-दिवसीय आवासीय राष्ट्रिय सँव्विद् रुद्राष्टाध्याय्यभ्यासः २०८१ (सँव्वत) का वृहद् अनुष्ठान

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
दिव्य ज्योति वेद मन्दिर, शोध-आधारित शैक्षणिक संस्थान, द्वारा एक वृहद् राष्ट्रिय सँव्विद् रुद्राष्टाध्याय्यभ्यासः का आयोजन किया गया। इस अद्वितीय कार्यक्रम का आयोजन दिल्ली स्थित दिव्य धाम आश्रम, कुतुबगढ़ रोड, जटखोड़ मोड़, दिल्ली में आयोजित किया गया।
इस दस दिवसीय आवासीय कार्यक्रम में सम्पूर्ण भारतवर्ष से लगभग ५०० ब्रह्मज्ञानी वेद पाठी सामूहिक वैदिक मन्त्रोच्चारण हेतु एकत्रित हुए। यह सँव्विद् दो चरणों में आयोजित किया गया, 8 जून से 12 जून तक (प्रातः 6 बजे से रात्री 10 बजे तक) ब्रह्मज्ञानी वेदपाठी भाइयों हेतु व 15 जून से 19 जून (प्रातः 6 बजे से रात्री 10 बजे तक) तक ब्रह्मज्ञानी वेद पाठी बहनों हेतु। कार्यक्रम सामूहिक ध्यान व वेदमन्त्रोच्चारण के साथ आरंभ हुआ व साथ ही, वैदिक शिक्षा एवं प्रातिशाख्यों पर विशिष्ट सत्र भी आयोजित किया गया। संस्कृत आभा से ओत-प्रोत इस कार्यक्रम को अधिक रोचक बनाने हेतु विभिन्न गतिविधियाँ जैसे गुञ्जन सत्र, जिह्वा विवर्तकः सत्र, निरंतरता सत्र आदि सम्मिलित किये गए जिसके माध्यम से सभी के भीतर संस्कृत और वेदों के अध्ययन हेतु और रूचि बढ़ी। इस राष्ट्रीय सँव्विद् में 7 से 70 वर्ष की आयु के सभी प्रतिष्ठित पदों पर नियुक्त, पीएच.डी विद्वान, कोर्पोरेट्स एवं स्कूली विद्यार्थी जन सम्मिलित हुए। दिव्य गुरु आशुतोष महाराज की शिष्या, साध्वी दीपा भारती, वैश्विक कार्यकारिणी अध्यक्षा, द्वारा वर्णोच्चारण व मन्त्रोच्चारण की स्पष्टता पर विशिष्ट सत्र लिए गए। साथ ही, स्वामी नरेन्द्रानंद जी, सचिव, दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान, स्वामी अदित्यानंद जी, अध्यक्ष, दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान व अन्य प्रचारकों दारा विशेष व्याख्यान भी राष्ट्रीय सँव्विद् में सम्मिलित रहे। कार्यक्रम में 12 जून एवं 19 जून को सायं 4 बजे से 6रू30 बजे तक एक विशेष सत्र भी आयोजित किया गया जिसके अंतर्गत देश के विभिन्न प्रान्तों से वैदिक विद्वान् ० वैदिक अनुरक्तों ने सभा को संबोधित किया।

# चोरी की ई रिक्शा के साथ आरोपित गिरफ्तार



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
पुलिस ने ई रिक्शा चोरी के आरोप में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है।
मामले में आरोपित का एक साथी फरार है। जानकारी के मुताबिक ग्राम खंजरपुर, रुड़की निवासी कुर्बान पुत्र मेहरबान ने बीते रोज अपनी ई-रिक्शा चोरी कर लिए जाने के संबंध में रूड़की कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।
पुलिस ने शुक्रवार को चोरी के आरोपित को पूर्वी नहर पटरी से चोरी की ई रिक्शा व दो बैटरी समेत गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम रमजानी पुत्र इस्लाम निवासी मुकरपुर थाना कलियर जनपद हरिद्वार बताया।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने धामी सरकार का फूंका पुतला



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
राज्य में कानून व्यवस्था बनाए रखने में विफल रहने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस कार्यकताओं ने शुक्रवार को राजपुर रोड पर भाजपा सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकताओं ने धामी सरकार का पुतला दहन किया।
कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष डॉ. जसविंदर सिंह गोगी के नेतृत्व में कार्यकर्ता एश्ले हॉल चौक पर पहुंचे और प्रदेश सरकार के विरोध में नारेबाजी की। गोगी ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार अपराध काबू करने में पूरी तरह विफल रही है। अंकिता हत्याकांड, महिलाओं के साथ जघन्य अपराध, हाल ही में रवि बडोला हत्याकांड आदि कई घटनाएं साबित करती हैं कि प्रदेश में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई न होने से प्रदेश के अपराधी तो बेलगाम हैं ही, प्रदेश के बाहर से भी अपराधी आकर बेखौफ घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। भाजपा सरकार ने प्रदेश को अपराधियों का अभ्यारण्य बना दिया है। कांग्रेस कार्यकर्ता अपराध की हर घटना पर पुरजोर विरोध करते रहेंगे।
गोगी ने कहा कि सरकार खनन और जमीनों की खरीद फरोख्त पर तत्काल रोक लगाए तो अधिकांश अपराध स्वतः ही बंद हो जाएंगे।
इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष पूरण सिंह रावत, प्रदेश महामंत्री गोदावरी थापली, प्रदेश अध्यक्ष एनएसयूआई विकास नेगी, महानगर महिला कांग्रेस अध्यक्ष उर्मिला थापा, सुनील जायसवाल आदि मौजूद थे।

# कांग्रेस ने कानून व्यवस्था को लेकर धामी सरकार पर बोला हमला



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर धामी सरकार पर जमकर हमला बोला। माहरा ने किशोरी की गैंगरेप के बाद हत्या मामले में भाजपा नेता आदित्य राज सैनी का नाम आने को बेहद गंभीर और चिंताजनक बताया। उल्लेखनीय है कि भाजपा ने आरोपित नेता आदित्य राज सैनी को पार्टी से निष्कासित कर दिया है।
माहरा ने शुक्रवार को कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया से बातचीत के दौरान आरोप लगाते हुए कहा कि उत्तराखंड में महिला अपराध के आंकड़े लगातार बढ़ रहे हैं। भाजपा नेताओं के नाम लगातार महिला उत्पीड़न के मामले में सामने आ रहे हैं। राज्य सरकार अपराधियों का संरक्षण कर रही है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार और भयमुक्त सरकार के अपने वायदे पर अमल करने में सरकार पूरी तरह नाकाम है। जनता में भय का माहौल है। आमजन विशेषकर महिलाएं अपने को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। पिछले कई अपराधिक मामले को लेकर माहरा ने कहा कि अगर सरकार ने इन पर कार्रवाई की होती तो आज ये नौबत नहीं आती।

## सीए सप्ताह के चौथे दिन योग दिवस का आयोजन

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
आईसीएआई की हरिद्वार शाखा द्वारा सीए सप्ताह के चौथे दिन शुक्रवार को योग दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सीए सदस्यों के साथ उनके परिवार और छात्रों ने भाग लिया।इस मौके पर आईसीएआई हरिद्वार शाखा के अध्यक्ष सीए गिरीश मोहन ने कहा कि आधुनिक युग में तनाव को कम करने और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए योग रामबाण है। यह रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी मजबूत बनाता है। योग के निरंतर अभ्यास से एकाग्रता में वृद्धि होती है। ओम आरोग्यम मंदिर के संस्थापक योगी रजनीश ने उपस्थित सदस्यों को योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया।

# द्रोणागिरि पोलिंग बूथ पर पहुंचने के लिए पोलिंग पार्टी को पार करनी होगी 10 किमी की खड़ी चढ़ाई

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
बदरीनाथ विधानसभा उपचुनाव के लिए 210 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। इस बार कुछ बूथ ऐसे हैं, जहां पहुंचने के लिए पोलिंग पार्टियों को पैदल ट्रैक करना पड़ेगा। ऐसा ही एक गांव है द्रोणागिरि, जो समुद्र तल से करीब 12 हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित है और सबसे ऊंचाई पर स्थित पोलिंग बूथ भी है।

# प्रदेश महिला कांग्रेस ने किया एसएसपी कार्यालय का घेराव

**ज्ञापन**

▶▶ इस दौरान ज्योति रौतेला ने एसपी सिटी स्वतंत्र कुमार सिंह को एक ज्ञापन भी दिया।



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
नाबालिग की गैंगरेप के बाद हत्या मामले को लेकर शुक्रवार को महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला के नेतृत्व में महिलाओं ने एसएसपी कार्यालय का घेराव किया।
इस दौरान ज्योति रौतेला ने एसपी सिटी स्वतंत्र कुमार सिंह को एक ज्ञापन भी दिया। ज्योति रौतेला ने आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश में महिलाओं, बच्चियों के साथ दुष्कर्म और हत्याओं की घटनाएं बढ़ रही हैं जिसके कारण देवभूमि कलंकित हो रही है। अपराधियों में कानून का डर नहीं है। अधिकतर घटनाओं में भाजपा नेताओं का नाम आ रहा है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाली पार्टी के नेता बेटियों के साथ अन्याय कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि महिला कांग्रेस महिलाओं को बचाने के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी। उन्होंने कहा कि अंकिता भंडारी को अभी तक न्याय नहीं मिला। पूरे प्रदेश में अराजकता का माहौल है।

# स्वास्थ्य विभाग में 48 फार्मेसी अधिकारियों को पदोन्नति की सौगात



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
स्वास्थ्य विभाग में कई वर्षों से एक ही पद पर सेवाएं दे रहे 48 फामेर्सी अधिकारियों को पदोन्नति की सौगात दी गई है। इन सभी फामेर्सी अधिकारियों को मुख्य फामेर्सी अधिकारी के पद पर पदोन्नत कर दिया गया है। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने फामेर्सी अधिकारियों की पदोन्नति को मंजूरी देते हुये शासन को शीघ्र पदोन्नति आदेश निर्गत करने के निर्देश दिये हैं। जिस पर फामेर्सी एसोसिएशन ने खुशी जाहिर कर स्वास्थ्य मंत्री का आभार जताया।
स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि समय-समय पर आयोजित समीक्षा बैठकों में विभाग के अंतर्गत सभी संवर्गों के पात्र कार्मिकों की पदोन्नति को लेकर विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये गये थे। जिसके क्रम में विभाग द्वारा डीपीसी के माध्यम से 48 फामेर्सी अधिकारियों का चयन पदोन्नति के लिये किया गया है। इन सभी पात्र फामेर्सी अधिकारियों को मुख्य फामेर्सी अधिकारी के पद पर पदोन्नत की मंजूरी प्रदान कर दी गई है, जिनको शीघ्र ही नई तैनाती दे दी जाएगी। उन्होंने बताया कि पदोन्नति के इस फैसले के तहत वर्तमान चयन वर्ष के माह जून तक सेवानिवृत होने वाले चीफ फामेर्सी अधिकारियों के रिक्त पदों को भरने के लिये 2 फामेर्सी अधिकारियों की भी पदोन्नति की गई है। इस संबंध में शासन को शीघ्र पदोन्नति आदेश जारी करने कहा गया है ताकि समय पर फामेर्सी अधिकारियों को पदोन्नति का लाभ मिल सके।
मंत्री रावत ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत पात्र कार्मिकों को पदोन्नति के लाभ से वंचित नहीं रखा जायेगा। इसके लिये विभागीय अधिकारियों को समय-समय पर डीपीसी कर कार्मिकों को पदोन्नत करने के निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने कहा कि कार्मिकों को समय पर पदोन्नति का लाभ मिलने से उनके मनोबल में वृद्धि होगी और विभागीय कार्यप्रणाली में भी सुधार आयेगा।
फामेर्सी अधिकारियों की मुख्य फामेर्सी अधिकारी पद पर पदोन्नति किये जाने पर फामेर्सी एसोसिएशन के पदाधिकरियों एवं अधिकारियों ने खुशी जाहिर कर स्वास्थ्य मंत्री का आभार जताया।

**इन्हें मिला पदोन्नति का लाभ**
स्वास्थ्य विभाग में जिन फामेर्सी अधिकारियों की मुख्य फामेर्सी अधिकारी पद पर पदोन्नति की गई है, उनमें तारा दत्त उप्रेती, प्रदीप कुमार उनियाल, हरि राम, ललित वर्मा, चन्दन सिंह चौहान, एस.एस. जेठूडी, दर्शन सिंह पंवार, दिनेश चन्द्र नौटियाल, सी.पी.रतूडी, टी.एस.बंगारी, प्रकाश चन्द्र रतूडी, गणेश राम नौटियाल, विजेन्द्र सिंह कैंत्यूरा, जनार्द्धन प्रसाद टम्टा, हेम चन्द्र पंत, हरभजन सिंह, एच.एम. सिद्दकी, श्याम लाल बिजल्वाण, वीरेन्द्र सिंह असवाल, जगदीश लाल शाह, पुनीता नेगी, चिरंजी प्रसाद, महावीर सिंह राणा, जी.एस. बिष्ट, डी.एन. भट्ट, लखपत सिंह, महिपाल सिंह, उपेन्द्र दत्त, रघुवीर सिंह पंवार, भाग सिंह, सुदर्शन मैठाणी, विशालमणि अन्थवाल, रमेश राम, गिरीश चन्द्र काण्डपाल, गोपाल सिंह राणा, भूपाल सिंह, विनोद नेगी, डी.एस. कोश्यारी, कैलाश दिनेश चन्द्र पाठक, इंदु कुमार जोशी, आनंद सिंह चौहान, जे.पी. उप्रेती, भुवन चन्द्र जोशी तथा आर.सी. नौटियाल शामिल हैं।

## आईटीबीपी महानिरीक्षक ने मुख्य सचिव से की मुलाकात

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
आईटीबीपी महानिरीक्षक संजय गुंज्याल ने शुक्रवार को सचिवालय में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी से मुलाकात की। इस दौरान आईजी गुंज्याल ने मुख्य सचिव को बॉर्डर आउटपोस्ट की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। आईटीबीपी महानिरीक्षक गुंज्याल ने मुख्य सचिव से सीमांत जनपदों पिथौरागढ़, उत्तरकाशी और चमोली के जिलाधिकारियों से शीघ्र अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान करने का अनुरोध किया, ताकि वन भूमि हस्तांतरण के प्रकरणों का त्वरित निस्तारण हो सके। मुख्य सचिव ने आईटीबीपी को राज्य सरकार की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
**ई-नीलामी**
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग, (ए.सी.ओ) उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के द्वारा मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों, वाटर ओवरहेड टैंक एवं लेवल क्रासिंग गेट पर वाणिज्य विज्ञापन एवं हेल्थ एटीएम की ओस्क के ठेके को संचालन एवं आवंटन हेतु ई-बोलियाँ website **www.ireps.gov.in** पर **दिनांक 16.07.2024** को आमंत्रित की गयी है, ओर मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर वाटर वेंडिंग मशीन के ठेके को संचालन एवं आवंटन हेतु ई-बोलियाँ **दिनांक 19.07.2024** को आमंत्रित की गयी है, जिसकी विस्तृत जानकारी, नियम व शर्ते **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।
**वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/को. उ.रे., मुरादाबाद**
1966/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
**ई-नीलामी**
मुरादाबाद मंडल के हरिद्वार स्टेशन पर "Contract for packing of two wheeler and other parcel packing service near outward parcel shed" 3 साल हेतु ई-नीलामी के तहत **दिनांक 15.07.2024 टाइम** 10:00 am को बोली **www.ireps.gov.in** के माध्यम से आमंत्रित की जाएंगी। इसके लिए विस्तृत नियम और शर्तें वेबसाइट पर ही उपलब्ध हैं।
**वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/फ्रेट उ.रे., मुरादाबाद**
1965/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
**ई-नीलामी**
मुरादाबाद मंडल के बरेली तथा मुरादाबाद स्टेशन के क्लॉक रूम को **5 साल** के लिए संचालन और रखरखाव हेतु ई-नीलामी के तहत **दिनांक 15.07.2024 (टाइम 10:30 am)** को बोली आमंत्रित करने की जानी है। ई-नीलामी **www.ireps.gov.in** के माध्यम से आमंत्रित की जाएंगी। इसके लिए विस्तृत नियम और शर्तें वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।
**वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/फ्रेट उ.रे., मुरादाबाद**
1967/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
**निविदा सूचना**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता / समन्वय द्वारा ई-टेंडर जिनके बंद होने की तिथि प्रत्येक निविदा के सामने अंकित है। जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किए जाएंगे। निम्नलिखित टेंडर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक डिपॉजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | | | |
|---|---|---|---|
| टेंडर संख्या / दिनांक | 60-DRM-MB-24-25 Date: 27.06.2024 | | |
| कार्य का नाम | Providing 4G GPS tracker based personal tracking device with 4G (M2M) SIM, along with 2 Man Power with operation & maintenance for a period of 2 years over Moradabad Division. (4G SIM having facility to switch over lower 2G/3G network when 4G network is not available). | | |
| टेंडर क्लोजिंग दिनांक / समय | 23.07.2024 (16:00 hrs.) | | |
| अनुमानित लागत | ₹78,42,331.63 | | |
| धरोहर राशि | ₹1,56,900.00 | निविदा फॉर्म की लागत | NIL |
| बिडिंग आरंभ तिथि | 09.07.2024 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 24 माह |

सं.: 75-W/2/3/WA/DEN/Track/T.Notice दिनांक: 28.06.2024 1964/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कांग्रेस के आरोप बेतुके, अपराधियों को सलाखों के पीछे भेज रही धामी सरकार : मनवीर चौहान

## किसी भी मामले में पार्टी से जुड़े किसी भी व्यक्ति को न सरंक्षण और न ही किसी तरह का प्रोत्साहन मिला है

**आधारहीन**

**▶▶ मनवीर सिंह चौहान ने हाल की घटनाओं पर कांग्रेस के आरोपों को आधारहीन और बेतुका बताया है।**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने हाल की घटनाओं पर कांग्रेस के आरोपों को आधारहीन और बेतुका बताया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की धामी सरकार ने अब तक हर अपराधी के खिलाफ कड़ा रुख अख्तियार करते हुए उन्हें सरंक्षण नहीं बल्कि सलाखों के पीछे पहुंचाया है।



प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि ऐसी जो भी घटनाएं सामने आयी उनमें तत्काल कार्रवाई की गयी और अपना, पराया अथवा बड़े रसूखदार को भी नहीं बख्शा गया है। कांग्रेस को स्पष्ट करना चाहिए कि क्या किसी मामले में किसी आरोपित को सरंक्षण मिला है? उन्होंने कहा कि हरिद्वार में नाबालिग के अपराधी सलाखों के पीछे हैं और भाजपा से जुड़े व्यक्ति पर आरोप लगते ही पार्टी से निष्काषित कर दिया गया। पुलिस ने पारदर्शिता से जांच कर मामले का पूरी तरह से खुलासा कर दिया है। किसी भी मामले में पार्टी से जुड़े किसी भी व्यक्ति को न सरंक्षण और न ही किसी तरह का प्रोत्साहन मिला है। जितने भी मामले अब तक सामने आये हैं उनमें निष्पक्ष जांच और आरोपितों को कानून के दायरे में लाया गया है। मनवीर चौहान ने स्मरण दिलाते हुए कहा कि पहली निर्वाचित सरकार में कांग्रेस को अपने कार्यकाल का भी अवलोकन करने की जरूरत है। जब पूरी मशीनरी बेलगाम और कई जिम्मेदार सीधे तौर पर हर अपराध में संलिप्त थे। कांग्रेस के चाल चरित्र से हर कोई वाकिफ है और उसे अपने गिरेवान में झांकने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि धामी सरकार प्रदेश में जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्य कर रही है और जमीन के फजीर्वाड़े से लेकर भर्ती घोटालों और अन्य अपराधों में लिप्त अपराधियों में खौफ है। भाजपा की कथनी और करनी मे फर्क नहीं है। उन्होंने आपातकाल का जिक्र कर कहा कि संविधान का गला घोंटकर आपातकाल लागू करने वाले आज देश-विदेश में संविधान के खतरे का राग अलाप रहे हैं। आपातकाल को जायज ठहराने की कांग्रेस चाहे जितनी दलीलें दे, लेकिन जनता कड़वी यादों के उस दौर को भूली नहीं है।

# उपचुनावः 27 दिव्यांगजनों व 114 वरिष्ठजनों ने किया होम वोटिंग के लिए आवेदन

**होम वोटिंग**

**▶▶ चुनाव आयोग ने 85 प्लस के वरिष्ठजनों और दिव्यांगजनों को होम वोटिंग की सुविधा दी है।**

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
बदरीनाथ विधानसभा उपचुनाव में सभी की मतदान सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए चुनाव आयोग ने 85 प्लस के वरिष्ठजनों और दिव्यांगजनों को होम वोटिंग की सुविधा दी है। विधानसभा उपचुनाव में 27 दिव्यांगजनों और 85 प्लस के 114 वरिष्ठ जनों ने होम वोटिंग के लिए आवेदन किया है।
पीजी कॉलेज गोपेश्वर में शुक्रवार को होम वोटिंग के बनायी गयी 25 टीमों के लिए रिजर्व सहित 30 मतदान अधिकारियों, 30 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 30 माइक्रो ऑब्जर्वर को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनरों ने होम वोटिंग कराने के लिए तैनात सभी टीमों को उनके कार्य एवं दायित्वों से अवगत कराया और होम वोटिंग कराने की प्रक्रिया और विविध प्रपत्रों के संधारण करने एवं पैकेटिंग के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गयी।



साथ ही मतदान की गोपनीयता विशेष ध्यान रखने को कहा।
इस दौरान सहायक नोडल ट्रेनिंग आनन्द सिंह, अभिनव नौटियाल, एपी डिमरी, मनोज तिवारी, जयदीप झिंक्वाण, दिगपाल रावत, खीम सिंह कंडारी, के.सी पंत मौजूद रहे।

### युवक गिरफ्तार, 84 ग्राम स्मैक बरामद

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
कोतवाली ऋषिकेश की पुलिस ने एक युवक को भल्ला फार्म श्यामपुर से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने युवक के पास से 25 लाख रुपये की 84 ग्राम स्मैक बरामद की है। कोतवाली ऋषिकेश के प्रभारी शंकर सिंह बिष्ट ने बताया कि आरोपित युवक का नाम मारकंडे जायसवाल पुत्र स्व. उमेश जायसवाल निवासी न्यू त्रिवेणी कॉलोनी, ऋषिकेश है। उसके कब्जे से 84 ग्राम स्मैक बरामद की है।उन्होंने बताया कि अभियुक्त गाड़ी चलाने का काम करता है तथा स्मैक पीने का आदि है।
उक्त बरामद स्मैक को वह ऋषिकेश से डोईवाला में सप्लाई करने जा रहा था।

# मंगलौर उपचुनावः मतदान अधिकारियों को दिया एक दिवसीय प्रशिक्षण

**प्रशिक्षण**

**▶▶ मतदान कर्मियों की एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला शुक्रवार को विकास भवन सभागार में सम्पन्न हुई।**

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
मंगलौर विधानसभा उपचुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित सम्पन्न कराने के लिए पीठासीन अधिकारियों तथा मतदान कर्मियों की एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला शुक्रवार को विकास भवन सभागार में सम्पन्न हुई। कार्यशाला में प्रशिक्षण नोडल अधिकारी केएन तिवारी, मास्टर ट्रेनर संतोष चमोला द्वारा मतदान कार्मिकों को सैद्धान्तिक एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया।



नोडल अधिकारी केएन तिवारी ने सभी मतदान कार्मिकों को अपने दायित्वों का निर्वहन स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शिता से करने को कहा। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि हम निर्वाचन आयोग के अधीन रहकर कार्य कर रहे हैं। हमारे आचरण एवं कार्यशैली में शालीनता व पारदर्शिता परिलक्षित होनी चाहिए।
नोडल अधिकारी केएन तिवारी, मास्टर ट्रेनर संतोष चमोला ने सैद्धान्तिक प्रशिक्षण में बारीकियों को समझाते हुए ईवीएम प्रशिक्षण के दौरान मतदान कार्मिक को विभिन्न प्रपत्र भरने, ईवीएम को ऑन व ऑफ करने व सील करने के साथ ही विभिन्न प्रकार की पेपर सील, बीयू, सीयू तथा वीवीपैट को संयोजित करने, खोलने और सील करने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## संक्षिप्त खबरें

### कांवड़ यात्रा को लेकर एसपी सिटी ने अधिकारियों को दिए निर्देश

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
आगामी कांवड़ मेला को सकुशल संपन्न कराने को लेकर शुक्रवार को एसपी सिटी स्वतंत्र कुमार ने राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों के साथ गोष्ठी कर उन्हें दिशा-निर्देश दिए।
साथ ही बीते वर्ष मेले के दौरान आने वाली समस्याओं पर चर्चा करते हुए कांवड़ मेले को सकुशल संपन्न कराने के लिए समय रहते तैयारियां पूर्ण करने के अधिकारियों को निर्देश दिए।
इस दौरान एनएचएआई के पदाधिकारी विनोद उनियाल, आरबी कटियार, अश्विनी तिवारी, मनीष पाठक, पंकज चमोला व अन्य मौजूद रहे।

### पांच दिवसीय महिलाओं के लिए योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
गुरुकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय के योग विभाग में चल रहे पांच दिवसीय महिलाओं के लिए योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हो गया। समापन कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अम्बुज कुमार शर्मा ने कहा कि शैक्षणिक वातारण में रहकर प्रशिक्षण प्राप्त करने से ज्ञान की प्राप्ति अनायास ही हो जाती है।
उन्होंने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि गुरुकुल में स्वामी श्रद्धानंद महाराज की प्रेरणा एवं स्वामी दयानन्द सरस्वती के जीवन दर्शन एवं दृष्टि से परिचित होने का अवसर प्राप्त होता है। पांच दिनों में आपने योग चिकित्सा से जुड़े विभिन्न विषयों को गहनता के साथ सीखा है जिसका प्रयोग आप अपने व्यक्तिगत एवं पेशेवर जीवन में कर सकते हैं।
कुलसचिव प्रो एलपी पुरोहित ने इस अवसर पर कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम से प्रतिभागियों के अंदर आत्मविश्वास उत्पन्न होता है। इस प्रकार के प्रशिक्षण से अनुभव जन्य ज्ञान शीघ्रता से प्राप्त हो जाता है। किसी विधा से महिला जुड़ती है तो उसका प्रभाव व्यापक हो जाता है। आपने देश के महानतम शिक्षण संस्थान से प्रशिक्षण प्राप्त किया है जो आपके लिए गौरव का अनुभव करने जैसा है।
प्रशिक्षण कार्यक्रम के निदेशक एवं योग विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो सुरेन्द्र कुमार ने कहा कि महिला योग अनुदेशकों के लिए अयोजित यह कार्यक्रम सफल रहा है। योग विज्ञान विभाग सतत इस प्रकार के कार्यक्रम अयोजित करके योग के शास्त्र आधारित ज्ञान को ही प्रसारित करता है।
कार्यक्रम के संयोजक डॉ ऊधम सिंह ने कहा कि इस पूरे प्रशिक्षण कार्यक्रम में लगभग 20 से अधिक व्याख्यान एवं योग प्रयोगात्मक सत्रों का आयोजन किया गया। एक दिन शैक्षणिक भ्रमण का कार्यक्रम भी रखा गया था। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड सरकार के होम्योपैथी निदेशालय द्वारा प्रायोजित इस कार्यक्रम में उत्तराखंड के सुदूर दुर्गम स्थलों से आई महिलाओं ने प्रतिभाग किया। प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र कुलपति प्रो अंबुज कुमार एवं विभागाध्यक्ष प्रो सुरेन्द्र कुमार तथा कुलसचिव प्रो एलपी पुरोहित द्वारा प्रदान किए गए।

### पांच दिवसीय महिलाओं के लिए योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन


**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
गुरुकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय के योग विभाग में चल रहे पांच दिवसीय महिलाओं के लिए योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हो गया। समापन कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अम्बुज कुमार शर्मा ने कहा कि शैक्षणिक वातारण में रहकर प्रशिक्षण प्राप्त करने से ज्ञान की प्राप्ति अनायास ही हो जाती है।
उन्होंने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि गुरुकुल में स्वामी श्रद्धानंद महाराज की प्रेरणा एवं स्वामी दयानन्द सरस्वती के जीवन दर्शन एवं दृष्टि से परिचित होने का अवसर प्राप्त होता है। पांच दिनों में आपने योग चिकित्सा से जुड़े विभिन्न विषयों को गहनता के साथ सीखा है जिसका प्रयोग आप अपने व्यक्तिगत एवं पेशेवर जीवन में कर सकते हैं।
कुलसचिव प्रो एलपी पुरोहित ने इस अवसर पर कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम से प्रतिभागियों के अंदर आत्मविश्वास उत्पन्न होता है। इस प्रकार के प्रशिक्षण से अनुभव जन्य ज्ञान शीघ्रता से प्राप्त हो जाता है। किसी विधा से महिला जुड़ती है तो उसका प्रभाव व्यापक हो जाता है। आपने देश के महानतम शिक्षण संस्थान से प्रशिक्षण प्राप्त किया है जो आपके लिए गौरव का अनुभव करने जैसा है।

# स्वांला के पास एनएच पर बने डेंजर जोन पर सुरक्षा इंतजाम जरूरी : सुरेश जोशी

**सुरक्षा इंतजाम**

**▶▶ तीन माह तक एनएच और प्रशासन को इस स्थान पर अधिकारियों की तैनाती करनी चाहिए।**

**चम्पावत/टीम एक्शन इंडिया**
भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सुरेश जोशी ने कहा कि एनएच पर स्वांला के पास सुरक्षा इंतजाम जरूरी है। यहां कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। तीन माह तक एनएच और प्रशासन को इस स्थान पर अधिकारियों की तैनाती करनी चाहिए। यहां पर पहाड़ी से गिरता मलबा और पत्थर लोगों के लिए खतरा बना हुए हैं। जोशी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के सामने इस मामले को रखने की बात कही।
सुरेश जोशी ने एक बयान में कहा कि स्वांला के पास बने डेंजर जोन पर व्यवस्था बदहाल है। यहां एनएच का कोई अधिकारी नहीं है। कम से कम जुलाई, अगस्त और सितंबर तक यहां लोगों की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के लिए पुलिस कर्मी, मलबा हटाने के लिए एनएच की मशीनें जरूरी हैं। प्रशासन को भी इसका संज्ञान लेना चाहिए। बारिश के मौसम में स्वांला क्षेत्र में किसी भी प्रकार की लापरवाही यात्रियों की जान पर खतरा बना सकती है। हादसे के बाद सजग होने से अच्छा है कि पहले ही इंतजाम कर लिए जाएं। उन्होंने कहा कि स्वांला में मार्ग बंद होने पर वाहन चालक धैर्य नहीं रखते हैं। कई लोग लाइन तोड़कर आगे जाने के लिए वाहनों को यहां-वहां से आगे बढ़ा देते हैं, यह सही नहीं है।



### वार्ता के बाद रोडवेज कर्मचारियों ने आंदोलन लिया वापस

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद ने वार्ता के बाद शुक्रवार से किया जाने वाला धरना प्रर्दशन वापस ले लिया है। सहायक महाप्रबंधक एसएस बिष्ट से मांगों के समाधान का आश्वासन मिलने के बाद संगठन के आंदोलन स्थगित किया गया।
]परिवहन निगम की बसों में हो रही दुर्घटना के बाद बरती जा रही लापरवाही के खिलाफ शुक्रवार से आंदोलन की चेतावनी संगठन ने दी थी।

### अब तक 9.90 लाख तीर्थयात्रियों ने किए बाबा केदार के दर्शन

**रुद्रप्रयाग/गुप्तकाशी**
हिन्दुओं की आस्था के केंद्र भगवान केदारनाथ धाम के कपाट खुलते ही भक्तों का ऐसा जनसैलाब उमड़ा है जो थमने का नाम नहीं ले रहा है। 10 मई को कपाट खुल गए थे और अभी दो महीने भी पूरे नहीं हुए हैं कि अब तक साढ़े नौ लाख से अधिक तीर्थयात्री बाबा केदार के दर्शन कर चुके हैं, जो कि एक रिकॉर्ड है।
डीएम रुद्रप्रयाग के सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर जारी आकड़ों के अनुसार श्री केदारनाथ धाम में इस वर्ष कपाट खुलने से अभी तक 50 दिनों की यात्रा में 9 लाख 90 हजार 340 श्रद्धालुओं ने बाबा के दर्शन कर लिये हैं।

# कोतवाली पुलिस ने वाहन चोर को धर दबोचा

**मुकदमा दर्ज**

**▶▶ पकड़े गए आरोपित के खिलाफ नगर कोतवाली में पूर्व में भी एक मुकदमा दर्ज है।**

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
नगर कोतवाली पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित के खिलाफ नगर कोतवाली में पूर्व में भी एक मुकदमा दर्ज है।
जानकारी के मुताबिक 29 मई को मायापुर डामकोठी हरिद्वार निवासी सचिन कुमार पुत्र अशोक कुमार ने नगर कोतवाली में पुलिस को तहरीर देकर अपनी बाइक संख्या यूके 08 एपी 3615 को कैनाल कॉलोनी के आवास डी 34 से चोरी किये जाने के संबंध में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने २ऋषिकुल पुल से पहले बने सार्वजनिक शौचालय के पास वाहन चेकिंग के दौरान आरोपित विजय पुत्र श्यामलाल निवासी डेरा भगीरथ थाना झीझाना जिला शामली मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश को चोरी की बाइक के साथ धर दबोचा।



# स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद पहुंचे बद्रीनाराय□संस्कृत विद्यालय

**भ्रमण**

**▶▶ वे सुख शांति की कामना के साथ 108 मन्दिरों के दर्शन कर आम नागरिक तक पहुंचने का प्रयास कर रहे हैं**

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद महाराज शुक्रवार को चमोली मंगलम यात्रा के तहत पिण्डर घाटी के मां काली मंदिर कुलसारी होते हुए बद्रीनारायण संस्कृत विद्यालय रायकोली पहुंचे। जहां पर स्थानीय लोगों ने उनका स्वागत किया।
इस अवसर पर उन्होंने चमोली जिले में अपने भ्रमण का उद्देश्य बताते हुए कहा कि वे जन चेतना और प्रदेशवासियों की सुख शांति की कामना के साथ 108 मन्दिरों के दर्शन कर आम नागरिक तक पहुंचने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनकी यह यात्रा धार्मिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि चमोली का नाम शास्त्रों के अनुसार चंद्रमोली है, जो भगवान का साक्षात स्वरूप है इसलिए उन्होंने निर्णय लिया कि विश्व के कल्याण की बात पहले भगवान विष्णु की धरती चमोली से की जाए। उन्होंने कहा कि उनका कार्यक्रम एक तरह से एक सर्वेक्षण है। वे जानना चाहते हैं कि जनपद चमोली के लोग क्या चाहते हैं, ऐसा कौन सा काम किया जाए जिसके लिए वे अपने मंगल की कामना करते हैं। क्या करने से उनका मंगल हो गया है। उन्होंने कहा कि पहले जनपद चमोली का मंगल करना है। इसके लिए लोगों की राय लेने का काम किया जा रहा है।
चमोली मंगलम यात्रा में संत ब्रह्मचारी मुकुदानंद, पूर्व धर्माधिकारी जगदंबा सती, अपर धर्माधिकारी कुशला नंद बहुगुणा, डिमरी धार्मिक केंद्रीय पंचायत के अध्यक्ष आशुतोष डिमरी, अखिलेश डिमरी, प्रवीण नोटियाल, अभिषेक बहुगुणा आदि चल रहे हैं।



# दलाई लामा के ऑपरेशन पर तिब्बती शरणार्थियों ने की विशेष पूजा

**भ्रमण**

**▶▶ वे सुख शांति की कामना के साथ 108 मन्दिरों के दर्शन कर आम नागरिक तक पहुंचने का प्रयास कर रहे हैं**

**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा के अमेरिका में हो रहे ऑपरेशन के दृष्टिगत उनके स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए तिब्बती शरणार्थियों और भोटिया समाज के लोगों ने शुक्रवार को विशेष पूजा-अर्चना की और नम आंखों के साथ भगवान बुद्ध से उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की।
नगर के मल्लीताल चाट पार्क क्षेत्र में आयोजित प्रार्थना सभा में शामिल तिब्बती समाज के लोगों ने कहा कि अमेरिका में धर्मगुरु दलाई लामा के घुटनों में आई समस्या के उपचार के लिए ऑपरेशन किया जा रहा है। भगवान बुद्ध की प्रतिमा के सामने मोमबत्ती जलाकर लगभग एक घंटे तक प्रार्थना की गयी।इस प्रार्थना में तिब्बती यूथ कांग्रेस और तिब्बती महिला कांग्रेस के राम, ताशी खम्पा, सोनम, डोल्मा, राजन भूटिया, तेनजिंग, रिन्जिंग, मिशी, छिमी व लोटो आदि शामिल हुए।



### कुमाऊं विवि ने घोषित किए परीक्षा परिणाम

**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
कुमाऊं विश्वविद्यालय ने शुक्रवार को परीक्षा सत्र 2023-24 में पंजीकृत एमए-ड्रॉइंग एवं पेंटिंग व संगीत तथा एमएससी रसायन विज्ञान, वन विज्ञान, कम्प्यूटर साइंस व सांख्यिकी के चौथे सेमेस्टर के विद्यार्थियों की मुख्य व बैक परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए हैं। यह जानकारी डॉ. महेंद्र राणा ने दी है।
उन्होंने बताया कि परीक्षा परिणाम विवि की आधिकारिक वेबसाइट केयूएनटीएल डॉट नेट पर लॉग इन करके अथवा अपने परिसर या महाविद्यालय से प्राप्त कर सकते हैं।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
हरिद्वार के बहादराबाद क्षेत्र में नाबालिग किशोरी की दुष्कर्म के बाद हत्या मामले को लेकर प्रदेश कांग्रेस लगातार हमलावार है। शुक्रवार को ऋषिकेश महानगर कांग्रेस कमेटी के कार्यकताओं ने प्रदेश की भाजपा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन किया।
प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश में आपराधिक घटनाएं बढ़ रही हैं। आए दिन महिलाओ पर अत्याचार के साथ-साथ अन्य जघन्य अपराध सुनने में आ रहे हैं। सरकार इन पर काबू पाने में लगातार असफल हो रही है। इससे सरकार की नाकामी उजागर हो रही है।



